TODAY INDIA NEWS24

♦इस खबर को आगे शेयर जरूर करें ♦



# पांच बुजुर्गों ने बड़े उत्साह से मनाया महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयन्ती

टुडे इंडिया न्यूज 24.com उत्तर प्रदेश, रविवार को देश के सभी हिस्सों में सरकारी गैर सरकारी कार्यालयों में तथा राजनैतिक दलों के जरिए धूम धाम उत्साह के साथ महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई जा रही है। वहीं लखनऊ के वासंती पार्क, विराम-5 परिसर में दोनो महा पुरुषो के आदर्श – अहिंसा व सादगी के मिसाल को याद करते हुये जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर डॉ भरत राज सिंह, अध्यक्ष, विराम-5 जनकल्याण समिति ने अपने संबोधन में महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला तथा राष्ट्र के प्रति उनके द्वारा किये गए कार्यो से शिक्षा लेंने पर विशेष जोर देते हुए स्वच्छता अभियान व सादगी से राष्ट्र की सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेने व देश को नयी दिशा देने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर, विराम खण्ड-5 जनकल्याण महासमिति के उपाध्यक्ष, एस.बी.एल. मल्होत्रा, ख़ण्ड प्रभारी श्री राकेश जैटली, एस.एन. टंडन, बृजेश शुक्ला तथा एस.अग्रवाल, गोरखनाथ निषाद, पूर्व-मंत्री आदि उपस्थित रहे।

*टुडे इंडिया न्यूज 24.com, उत्तर प्रदेश*
*आशुतोष तिवारी । 03 अक्टूबर 2022*

http://todayindianews24.com/4624/